**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी शिमला**
**16.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945 बजे**

## "आज के मुख्य समाचार"

- सर्वोच्च न्यायालय ने कड़छम वांगतू जलविद्युत परियोजना से रॉयल्टी को लेकर प्रदेश सरकार के पक्ष में सुनाया फैसला—अब कम्पनी राज्य को देगी 18 प्रतिशत रॉयल्टी।
- केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना को दी मंजूरी—देश के एक करोड़ 70 लाख किसानों को मिलेगी मदद।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने प्रदेशवासियों से निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों की मदद करने की अपील की।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सराज विधानसभा क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों से आपदा के दौरान निष्ठा व समर्पण भाव से कार्य करने का किया आग्रह।

**अब समाचार विस्तार से..........**

### सर्वोच्च न्यायालय

सर्वोच्च न्यायालय ने किन्नौर जिले में स्थापित कड़छम वांगतू जलविद्युत परियोजना से रॉयल्टी को लेकर हिमाचल प्रदेश सरकार के पक्ष में एतिहासिक निर्णय सुनाया है। इस फैसले के तहत अब जे.एस.डब्लयू. एनर्जी कम्पनी को एक हजार 45 मैगावॉट क्षमता वाली इस परियोजना से प्रदेश को 12 प्रतिशत के बजाए 18 प्रतिशत रॉयल्टी देनी होगी। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता....

डिस्पैच——कड़छम वांगतू जलविद्युत परियोजना से रॉयल्टी को लेकर हिमाचल प्रदेश सरकार को सुप्रीम कोर्ट से महत्वपूर्ण कानूनी सफलता मिली है। सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय से प्रदेश सरकार को लगभग एक सौ 50 करोड़ रूपए की वार्षिक अतिरिक्त आय होगी। इसके अलावा 12 वर्ष पूर्ण कर चुकी अन्य परियोजनाओं के लिए भी ये फैसला मील का पत्थर साबित होगा और राज्य के खजाने में प्रतिवर्ष 2 सौ 50 करोड़ रूपए से अधिक की आय अर्जित होने की उम्मीद है। अदालत के फैसले के अनुसार एक हजार 45 मैगावॉट क्षमता वाली कड़छम वांगतू जलविद्युत परियोजना से जे.एस.डब्लयू एनर्जी कम्पनी राज्य को अब 12 प्रतिशत की बजाए 18 प्रतिशत रॉयल्टी देगी। सुप्रीम कोर्ट का ये निर्णय प्रदेश उच्च न्यायालय के मई 2024 के आदेश को निरस्त करता है जिसमें कम्पनी को केवल 12 प्रतिशत रॉयल्टी देने की अनुमति दी गई थी। रितेश कपूर, आकाशवाणी समाचार शिमला।

### मंत्रिमंडल—कृषि योजना

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री धन—धान्य कृषि योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना का उद्देश्य फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना, कटाई के बाद भंडारण क्षमता बढ़ाना, सिंचाई सुविधाओं में सुधार और ऋण की उपलब्धता को सुगम बनाना है। नई दिल्ली में आज मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस योजना से देश के एक करोड़ 70 लाख किसानों को मदद मिलेगी।

*100 ऐसे जिले देश भर में और हर राज्य से कम से कम एक जिला जिसमें कृषि पर तीन पैमानों पर वो बाकी सब जिलों से पीछे हो ऐसे 100 जिलों को चयनित करके उसमें एक फोकस्ड वे में 11 मंत्रालयों के 36 स्कीम्स इन सबको कन्वर्ज करके एक इंटीग्रेटेड वे में कृषि का विकास करें ये प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का उद्देश्य है। बहुत ही महत्वकांक्षी बहुत महत्वपूर्ण बहुत ही एक गेम चेंजिंग स्कीम ये होने वाली है राज्यों का सहयोग लिया जाएगा भरपूर इसमें जिले के लेवल पे, ब्लॉक के लेवल पे और राज्य के लेवल पे गहन कंटीन्यूअस मॉनिटरिंग की जाएगी, टेक्नोलॉजी पार्टनर्स चयनित किए जाएंगे, एग्रीकल्चर से जुड़े पूरे सभी स्टेक होल्डर्स को इसमें जोड़ा जाएगा, इस तरह से किया जाएगा जिससे कि ये 100 चयनित जिले देश के एवरेज और उससे ऊपर आ सके, करीब करीब 1 करोड़ 70 लाख किसानों को इससे लाभ होगा, आने वाले छह वर्षों का कार्यक्रम है, 2025—26 के फाइनेंशियल ईयर से स्टार्ट होगा।*

## उप–मुख्यमंत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज नई दिल्ली में राज्यसभा सांसद व हिमाचल कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल से भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं ने प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक स्थिति, संगठनात्मक गतिविधियों और विकास से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। अग्निहोत्री ने रजनी पाटिल को प्रदेश सरकार द्वारा जनकल्याण के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दी और केंद्र से अपेक्षित सहयोग के संदर्भ में भी विचार–विमर्श किया। रजनी पाटिल ने पार्टी संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

## जगत सिंह नेगी

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में आज शिमला में आयोजित मंत्रिमण्डलीय उप–समिति की बैठक में प्रदेश में बादल फटने और बाढ़ की घटनाओं के दृष्टिगत राहत व पुनर्वास कार्यों की समीक्षा की गई। मंत्रिमण्डलीय उप–समिति ने आपदा प्रबंधन के लिए अर्ली वार्निंग सिस्टम स्थापित करने को स्वीकृति दी। इस प्रणाली के माध्यम से समय–समय पर मौसम की निगरानी, पूर्वानुमान और चेतावनी की सुविधा सुनिश्चित होगी। बैठक में आपदा के समय राहत व बचाव कार्य में तेजी लाने के लिए हेलीकॉप्टर किराए पर लेने का भी निर्णय लिया गया ताकि राहत कार्यों में सहायता मिल सके। राजस्व मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित एक अन्य बैठक में मंत्रिमण्डलीय उप–समिति ने छोटे और सीमांत किसानों के लिए भूमि नियमितीकरण से जुड़े मामलों पर भी चर्चा की। बैठक में ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह और नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश टीबी उन्मूलन की दिशा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। राज्यपाल ने टीबी हारेगा–प्रदेश जीतेगा–देश जीतेगा अभियान को और अधिक सशक्त बनाने के लिए प्रदेशवासियों से निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों की मदद करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान आरम्भ किया गया है जिसका उद्देश्य देश व प्रदेश को टीबी संक्रमण से मुक्त करना है।

## शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि प्रदेश सरकार लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। वे आज सोलन जिला के बद्दी में राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला का निरीक्षण करने के बाद दवा उद्योगपतियों और अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्बोधित कर रहे थे। शांडिल ने कहा कि बद्दी स्थित औषधि प्रयोगशाला देश की तीन सर्वश्रेष्ठ दवा परीक्षण प्रयोगशाला में से एक है और उत्तर भारत की ये एकमात्र प्रयोगशाला है जिसमें प्रतिवर्ष 6 हजार दवा सैम्पल परीक्षण की क्षमता है।

## जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मण्डी जिले के सराज विधानसभा क्षेत्र के सभी पंचायत प्रतिनिधियों से प्राकृतिक आपदा के संकट के दौरान पूरी निष्ठा व समर्पण भाव के साथ अपनी भूमिका निभाने का आग्रह किया है। उन्होंने आज क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति की समीक्षा करने सहित राहत कार्यों की प्रगति पर चर्चा की। जयराम ठाकुर ने आपदा राहत कार्य अधिक प्रभावी, तेज़ और बेहतर ढंग से आगे बढ़ाने सहित प्रभावित परिवारों को हरसंभव मदद जल्द से जल्द उपलब्ध करवाने को लेकर भी चर्चा की। इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों ने अपने–अपने क्षेत्रों की स्थिति साझा की और ज़रूरतों को प्राथमिकता के आधार पर रखा।

## शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश की आर्थिकी में सेब का महत्वपूर्ण योगदान है और राज्य की आर्थिकी को और अधिक मजबूत करने के लिए सेब की नई किस्में तैयार करने की आवश्यकता है। उन्होंने आज डॉक्टर यशवंत सिंह परमार बागवानी व वानिकी विश्वविद्यालय नौणी के कुलपति राजेश्वर चंदेल से बागवानी सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। रोहित ठाकुर ने कहा कि विश्वविद्यालय को निरंतर शोध के माध्यम से बागवानों को सेब फसल विविधिकरण की दिशा में अवगत करवाना चाहिए। उन्होंने सेब के लीफ स्पॉट रोग से बचाव के लिए वैज्ञानिकों को प्रभावित सेब के बागीचों में भेजने के निर्देश दिए ताकि बागवानों को जल्द राहत मिल सके।

## निधन

किन्नौर जिले में सांगला तहसील की थैमगारंग पंचायत के 19 डोगरा रेजीमेंट में तैनात नायक पुष्पेंद्र नेगी असम में ड्यूटी के दौरान बलिदान हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, असम में तेज हवाओं के कारण पेड़ की टहनियों की चपेट में आने से उनका निधन हो गया। नायक पुष्पेंद्र नेगी 29 वर्ष के थे। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने डोगरा रेजिमेंट के नायक पुष्पेंद्र नेगी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीर जवान को प्रदेश हमेशा श्रद्धा और कृतज्ञता के साथ याद करेगा। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भी नायक पुष्पेंद्र नेगी की शहादत पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

## विरोध प्रदर्शन

सीटू और किसान सभा के बैनर तले शिमला फोरलेन के प्रभावितों ने आज चक्कर स्थित एन.एच.ए. आई. के दफ्तर के सामने विरोध प्रदर्शन किया। सीटू के प्रदेश अध्यक्ष विजेन्द्र मेहरा ने कहा कि फोरलेन निर्माण कर रही कम्पनियों द्वारा अवैज्ञानिक तरीके से सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा है जिससे कैथलीघाट से ढली तक 9 पंचायतों के लोग प्रभावित हो रहे हैं।

## मुख्य समाचार एक बार फिर''

- सर्वोच्च न्यायालय ने कड़छम वांगतू जलविद्युत परियोजना से रॉयल्टी को लेकर प्रदेश सरकार के पक्ष में सुनाया फैसला–अब कम्पनी राज्य को देगी 18 प्रतिशत रॉयल्टी।
- केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना को दी मंजूरी–देश के एक करोड़ 70 लाख किसानों को मिलेगी मदद।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने प्रदेशवासियों से निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों की मदद करने की अपील की।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सराज विधानसभा क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों से आपदा के दौरान निष्ठा व समर्पण भाव से कार्य करने का किया आग्रह।